>

Title: Need to bring Maripat, Dankaur, Dadri, Etawah, Khurja, Aligarh and Tundla railway stations under Agra Division and also expedite construction of third railway line from Aligarh to Delhi via Ghaziabad.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): मारीपत, दनकौर, दादरी, इटावाख् खुर्जा, अलीगढ़, टुण्डला रेलवे स्टेशन से संबद्ध कार्यों के लिए यहां के लोगों को इलाहाबाद, जो कि यहां से लगभग 800 कि0मी0 की दूरी पर है, जाना पड़ता है। जबकि इन स्टेशनों के निकट आगरा डिवीजन पड़ता है, जिसकी इन स्टेशनों से दूरी लगभग 150 कि0मी0 के आसपास है । ऐसी स्थिति में इन स्टेशनों से सेबद्ध कार्यों के सिलसिले में लोगों का इलाहाबाद आने-जाने में समय भी अधिक लगता है । इसलिए इन स्टेशनों को इलाहाबाद डिवीजन के स्थान पर आगरा डिवीजन से संबद्ध किया जाना चाहिए ।

अलीगढ़ से दिल्ली वाया गाजियाबाद होते हुए रेलवे की तीसरी लाईन का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । विशेषतः अजयपुर से दादरी तक की स्थिति तो बहुत ही खराब है । चूंकि, यह क्षेत्र राजधानी दिल्ली के निकट पड़ता है । इसलिए इस क्षेत्र से यात्रियों का राजधानी दिल्ली में अपने काम-काज के सिलसिले में एक बड़ी संख्या में आना-जाना होता है । लकिन, निर्माण कार्य बाधित होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतें हो रही है । इसलिए, इस रेलवे लाईन के निर्माण कार्य को वरीयता देते हुए जनहित में अविलंब पूरा किया जाए ।